उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड
राजकीय महाविद्यालयों में "गैस्ट फैकल्टी" व्यवस्था हेतु
विज्ञापन

उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षण कार्य संचालन हेतु छात्रहित में नितान्त अस्थायी एवं कामचलाऊ व्यवस्था के रूप में अनुबन्धित आधार पर लोक सेवा आयोग से नियमित नियुक्ति/चयन अथवा शैक्षिक सत्र की समाप्ति अथवा अवकाश से रिक्त पद में नियमित शिक्षक के कार्यभार ग्रहण करने, जो भी पहले हो, तक के लिए निर्धारित शर्तों के अधीन नियत मानदेय (रू0 25000/–प्रति माह) पर "गैस्ट फैकल्टी" की व्यवस्थार्थ संविदा के आधार पर रखे जाने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। इस प्रकार मानदेय पर आमन्त्रित अनुबन्धनात्मक रूप से चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति, पद पर नियमित नियुक्ति/चयन उपलब्ध हो जाने की दशा में बिना किसी पूर्व सूचना के स्वतः ही समाप्त समझी जायेगी। इस हेतु अभ्यर्थी किसी भी प्रकार के दावे का हकदार नहीं होगा।

2– गैस्ट फैकल्टी के सम्बन्ध में प्रतिपादित व्यवस्था सम्बन्धी शासनादेश संख्या 1227/XXIV(7)/ दिनांक 19-09-15 तथा इस हेतु निर्धारित अनुबन्ध पत्र की शर्तें/प्रतिबन्ध लागू रहेंगे। चयन में आरक्षण रोस्टर प्रतिशत राज्य सरकार के समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के प्राविधानानुसार देय होगा। पात्र अभ्यर्थी की आयु नियुक्ति हेतु सरकार द्वारा निर्धारित शासनादेश में उल्लिखित प्राविधानानुसार ही रहेगी। विषयों में रिक्त पदों के प्रति अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता संगत विषय हेतु यू0जी0सी0/एन0सी0टी0ई0/ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा निर्धारित अर्हता होगी। उक्त निर्धारित अर्हता से इतर अर्हताधारी अभ्यर्थी के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

3– उपरोक्त अनुबन्ध के रूप में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा निर्धारित प्रारूप पर (दो प्रतियों में), पासपोर्ट आकार की दो फोटो तथा शैक्षिक अर्हता सम्बन्धी समस्त प्रमाण पत्रों, जाति प्रमाण पत्रों, स्थायी निवास प्रमाण पत्र आदि की स्व–प्रमाणित सत्यापित छायाप्रतियों के साथ स्वयं के पते लिखे हुये लिफाफे सहित निर्धारित तिथि दिनांक 03 अक्टूबर, 2015 तक **"उच्च शिक्षा निदेशालय, नवाडखेडा, गोलापार हल्द्वानी जिला नैनीताल पिन कोड 263139"** में पंजीकरण शुल्क रू0 100/– (सामान्य श्रेणी) तथा रू0 50/– (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) के डिमान्ड ड्राफ्ट जो कि **"निदेशक उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड हल्द्वानी"** के नाम पर देय हो, के साथ **रजिस्टर्ड डाक** अथवा **स्पीड पोस्ट** के माध्ययम से प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त अथवा किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। **आवेदन पत्र के लिफाफे पर ऊपर की तरफ बायी ओर आवेदित विषय का उल्लेख किया जाय।** व्यक्तिगत.रूप से अथवा किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं होगे। साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूची एवं विषयवार साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथियॉ निदेशालय की वेब साइट http://directorateheuk.org पर प्रकाशित की जायेगी। तदनुसार ही अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। समिति परिस्थितिनुकूल/सुविधानुसार साक्षात्कार अग्रेत्तर तिथियों में जारी रखेगी। रिक्तियों की संख्या घट बढ सकती है। वर्तमान में रिक्तियों का विवरण निम्नवत है:–

क्र0सं0	विषय	रिक्त पदों की संख्या	क्र0सं0	विषय	रिक्त पदों की संख्या
1	हिन्दी	65	16	एम0बी0ए0	5
2	अंग्रेजी	67	17	बी0टी0एस0	1
3	संस्कृत	35	18	कम्प्यूटर विज्ञान	3
4	भूगोल	25	19	एम0एड0	7
5	अर्थशास्त्र	44	20	सांख्यिकी	2
6	राजनीति विज्ञान	61	21	भूगर्भ विज्ञान	6
7	समाजशास्त्र	44	22	भौतिक विज्ञान	47
8	इतिहास	34	23	रसायन विज्ञान	43
9	शिक्षाशास्त्र	17	24	जन्तु विज्ञान	34
10	मनोविज्ञान	4	25	वनस्पति विज्ञान	35
11	शारीरिक शिक्षा	3	26	गणित	32
12	गृह विज्ञान	10	27	वाणिज्य	37
13	सैन्य विज्ञान	4	28	बी0सी0ए0	4
14	संगीत	4	29	बी0बी0ए0	2
15	चित्रकला	4	30	विधि	2
	योग	421		योग	260
	महायोग	**681**			

निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)